प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 12.11.2026 समय : 18.30 पीएम

- प्रदेश में एकीकृत मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन–कुल 5 करोड़ 26 लाख 67 हजार 419 मतदाता।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर हवाई अड्डे पर नये टर्मिनल भवन के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी।
- प्रदेश में पांच साल तक के बच्चों में निमोनिया की रोकथाम के लिए आज से सांस अभियान की शुरूआत।
- धरती आबा बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।

.....

प्रदेश में मतदाता सूचियों के **विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–एसएसआर 2027** के तहत आज एकीकृत मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया। सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों की प्रारूप मतदाता सूचियां मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाईट पर उपलब्ध है। साथ ही विधानसभा स्तर पर प्रारूप मतदाता सूचियां राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सौंपी गई है। अब 11 दिसम्बर तक मतदाता सूची में नाम जोडने, हटाने और प्रविष्टियों में सुधार के लिए दावे और आपत्तियां दर्ज करवायी जा सकेंगी। इनका निस्तारण 28 दिसम्बर तक किया जायेगा। इसके बाद मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी को होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि आज जारी हुए मसौदे के अनुसार राज्य में कुल 5 करोड़ 26 लाख 67 हजार 419 मतदाता है, इनमें 2 करोड़ 75 लाख 24 हजार से अधिक पुरूष और 2 करोड़ 51 लाख 42 हजार से ज्यादा महिला मतदाता हैं। वहीं 584 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धीकरण और अपडेट करना निर्वाचन प्रकिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण आधार है। 1 जनवरी 2027 तक 18 साल की आयु पूरी करने वाले युवाओं को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने बताया कि 1 अक्टूबर 2027 तक 18 साल पूरे करने वाले नवयुवा भी अपना नाम जुडवाने के लिए अग्रिम आवेदन कर सकते है।

.....

राज्य में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के चौथे और अंतिम चरण के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही है। इस चरण में 25 जिलों के 382 वार्डो में जिला परिषद सदस्यों और 116 पंचायत समितियों के 2 हजार 142 वार्डो में पचांयत समिति सदस्यों के लिए 14 नवम्बर को वोट डाले जायेंगे। कल अंतिम प्रशिक्षण के बाद मतदान दलों की गंतव्य के लिए रवानगी होगी। 16 नवम्बर को 3 हजार 747 ग्राम पंचायतों में पंच और सरपंचो के लिए मतदान होगा। और ब्योरा समाचार कक्ष से–

.....

जयपुर एयरपोर्ट स्थित स्टेट हेंगर में नये स्टेट टर्मिनल भवन का निर्माण किया जायेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि इस परियोजना के लिए 52 करोड़ 35 लाख रूपये की स्वीकृति जारी की गई है। पहले चरण में 19 करोड़ 62 लाख रूपये की लागत से निर्माण कार्य होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नये भवन में राजस्थान की स्थापत्य कला और सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर हवाई संपर्क उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कोटा, किशनगढ़ और बीकानेर हवाई अड्डे के विस्तार का काम किया जा रहा है। झालावाड़, सीकर, झुंझुनूं और श्रीगंगानगर में फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन की एफटीओ की स्थापना के लिए भूमि आंवटन किया जा रहा है। साथ ही उदयपुर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए 145 एकड़ भूमि उपलब्ध करवायी जा रही है।

.....

श्री शर्मा ने इससे पहले मुख्यमंत्री निवास पर तनोट माता मंदिर की पुनर्विकास परियोजना की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को काम मे तेजी लाने और समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

.....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई वाली राज्य सरकार के कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में 8 से 25 दिसम्बर तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे। मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने आज जयपुर में सचिवों की समिति की बैठक करते हुए तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि इन आयोजनों में तीन दिवसीय ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट प्रमुख है। जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में होने वाली इस मीट में कृषि निवेश, निर्यात की संभावनाओं, बागवानी, मोटे अनाज और खेती की नई तकनीकों तथा जल संरक्षण पर चर्चा होगी। इसके अलावा राज्यस्तरीय रोजगार उत्सव, कौशल मेला, नारी शक्ति सम्मेलन और राष्ट्रीय सरस मेला भी आयोजित होगा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सभी जिलों में शिविर लगाने की भी योजना है। कार्यक्रमों की श्रृंखला का समापन 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाने के साथ होगा। मुख्य सचिव ने बैठक में वित्त व्यय, संसदीय कार्य, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग तथा कार्मिक विभाग के कामों की प्रगति की भी समीक्षा की।

.....

प्रदेश में पांच साल तक के बच्चों में निमोनिया की रोकथाम और ईलाज के लिए आज से सांस अभियान की शुरूआत हुई। ये अभियान अगले साल 28 फरवरी तक चलेगा। चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि इस दौरान बच्चों में निमोनिया के लक्षणों की पहचान और उसका प्रारम्भिक प्रबंधन किया जायेगा। इसके लिए आशा सहयोगिनियां घर–घर जायेंगी। साथ ही संभावित गम्भीर मामलों को तत्काल चिकित्सा संस्थानों में रैफर किया जायेगा। **निमोनिया नहीं तो बचपन सही** थीम पर जिला और ब्लॉक स्तर पर गतिविधियां होंगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 15 से 21 नवम्बर तक राष्ट्रीय नवजात सप्ताह भी आयोजित किया जायेगा। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के बेहतर स्वास्थ देखभाल के बारे में जानकारी दी जायेगी।

.....

भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 18 नवम्बर तक चलने वाले जनजातीय गौरव सप्ताह के तहत युवा संवाद कार्यक्रम होंगे। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जायेगा। आकाशवाणी से बातचीत में जनजातीय क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराडी ने बताया कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय महानायकों के संघर्ष और योगदान के बारे में लोगों को बताया जायेगा।

.....

राज्य में मौसम शुष्क बना हुआ है और अधिकतर हिस्सों में दिन तथा रात का तापमान सामान्य से 2 से 4 डिग्री सैल्सियस ऊपर रिकॉर्ड हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार चित्तौडगढ़, जैसलमेर, जोधपुर में दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज होने से दिन में गर्मी का एहसास बना हुआ है। वहीं बाड़मेर में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस मापा गया। यहां बीते 5–6 दिनों से तेज गर्मी का असर बरकरार हैं। बाड़मेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि नवम्बर महीने में रिकॉर्ड गर्मी और सामान्य से अधिक तापमान के कारण रबी की बुवाई प्रभावित हो रही है।

.....

चित्तौडगढ़ 36 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रदेश का दूसरा सबसे गर्म जिला रहा। हालांकि कई स्थानों पर सुबह और रात के समय हल्की ठण्ड का सिलसिला बना हुआ है। सिरोही के आबूराज और सीकर के फतेहपुर में रात का पारा 11 दशमलव 6 डिग्री रहा। करौली, अजमेर, अलवर, भीलवाडा, चित्तौडगढ़, चूरू और उदयपुर में भी न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे मापा गया। इस बीच 14 नवम्बर से सक्रिय होने जा रहे नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागो में बादल छाये रहने और गरज तथा तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश होने की संभावना हैं।

.....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया से सामाजिक सरोकारों और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाले मुद्दों को अपने मंचों पर जगह देने का आग्रह किया है। श्री मोदी आज नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में आयोजित दिवाली मिलन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने मीडिया से देश की सफलताओं पर आधारित खबरें तैयार करने और उन्हें ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पंहुचाने का आह्वान किया।

.....